प्रादेशिक समाचार
दिनांक–07.08.2025 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा– पिछले 11 वर्षो में देश कई महत्वपूर्ण बदलावों का बना साक्षी, प्रस्तुत किया पारदर्शी, उत्तरदायी और नागरिक–केंद्रित शासन का मॉडल।
2. राज्य के स्वास्थ्य सचिव और रिम्स निदेशक झारखंड हाईकोर्ट में हुए पेश, अदालत ने रिम्स के खाली पदों पर चार सप्ताह में नियुक्ति प्रक्रिया शुरु करने का दिया निर्देश।
3. राज्य में नक्सली संगठन भाकपा माओवादी की बड़ी साजिश नाकाम, सरायकेला और चाईबासा की सीमा से सुरक्षा बलों ने भारी मात्रा में बरामद किया विस्फोटक।
4. राज्य में वज्रपात से सात लोगों की मौत, पलामू, गढ़वा और चतरा में आज मूसलाधार वर्षा की चेतावनी, मौसम विभाग ने जारी किया येलो अलर्ट।
5. चौथी झारखंड राज्य स्तरीय ओपन जेवलिन थ्रो एथलेटिक्स प्रतियोगिता आज साहिबगंज में, राज्य भर के खिलाड़ी लेंगे भाग।

*****************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि पिछले 11 वर्षों में भारत ने एक ऐसा शासन मॉडल तैयार किया है जो पारदर्शी, उत्तरदायी और नागरिक–केंद्रित है। कल शाम नई दिल्ली के कर्तव्यपथ पर आयोजित एक सार्वजनिक कार्यक्रम में श्री मोदी ने कहा कि भारत एक समग्र दृष्टिकोण से आकार ले रहा है, जहां विकास हर क्षेत्र में पहुंच रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले 11 वर्षो में देश कई महत्वपूर्ण बदलावों का साक्षी बना है।

*****************

झारखंड हाईकोर्ट ने राज्य के सबसे बड़े मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल राजेंद्र इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज–रिम्स में चिकित्सकों और स्वास्थ्यकर्मियों के रिक्त पदों पर चार हफ्ते में नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू करने का आदेश दिया है।

मुख्य न्यायाधीश तरलोक सिंह चौहान और न्यायमूर्ति राजेश शंकर की खंडपीठ ने रिम्स में व्याप्त अव्यवस्था को लेकर दाखिल जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए राज्य सरकार और रिम्स निदेशक से कई सवालों के जवाब भी मांगे।

कोर्ट के आदेश के आलोक में राज्य के स्वास्थ्य सचिव और रिम्स के निदेशक व्यक्तिगत रूप से अदालत में उपस्थित रहे।

*****************

राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा दिशोम गुरु शिबू सोरेन के निधन से काफी आहत हैं। खूंटी में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि झारखंड की राजनीतिक यात्रा वृतांत बगैर गुरुजी के अधूरा है। पूर्व केन्द्रीय मंत्री ने दिशोम गुरु शिबू सोरेन के साथ बिताए पलों को याद करते हुए कहा कि उन्हें वर्तमान और भावी पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत बताया।

*****************

जामताड़ा जिले में उपायुक्त रवि आनंद ने नाला प्रखंड अंतर्गत कास्ता पंचायत स्थित ईसीएल की बंद पड़ी कोयला खदानों का निरीक्षण किया। उपायुक्त को इन बंद कोयला खदानों से अवैध उत्खनन की सूचना मिली थी। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने कहा कि अवैध उत्खनन पर रोक लगाने के ठोस कदम उठाये जायेंगे।

*****************

सरायकेला–खरसावां और चाईबासा जिले की सीमा पर सुरक्षाबलों ने प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादी की एक बड़ी साजिश को विफल कर दिया है। पुलिस अधीक्षक मुकेश कुमार लुनायत को मिली गुप्त सूचना के आधार पर यह कार्रवाई की गई। पुलिस अधीक्षक के अनुसार सूचना मिली थी कि कुचाई थाना क्षेत्र के दलभंगा ओपी अंतर्गत पहाड़ी इलाकों में माओवादियों ने भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री छिपा रखी है, सर्च ऑपरेशन में चाईबासा पुलिस, झारखंड जगुआर, सीआरपीएफ और एसएसबी के जवानों ने हिस्सा लिया।

*****************

आज राष्ट्रीय हथकरघा दिवस है। इस मौके पर नयी दिल्ली में आयोजित होने वाले समारोह की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू अध्यक्षता करेंगी। इधर, झारखंड के गोड्डा में भी इस अवसर पर खास कार्यक्रम का आयोजन होगा।

वस्त्र मंत्रालय द्वारा आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम का उद्देश्य भारत के जीवंत हथकरघा क्षेत्र और देश की ग्रामीण अर्थव्यवस्था तथा सांस्कृतिक पहचान में इसके योगदान को सम्मानित करना है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम की 124वीं कड़ी में इसका जिक्र किया था।

****************

सावन और महादेव की पूजा दोनों के बीच काफी गहरा जुड़ाव है। आज हम हजारीबाग के रहने वाले बाबा के एक ऐसे भक्त की बात कर रहे हैं, जिन्होंने भक्ति में अनोखी मिसाल कायम की है।

****************

राज्य के विभिन्न जिलों में बीते 24 घंटे के दौरान वज्रपात से सात लोगों की मौत हो गयी। मृतकों में पलामू के चार, खूंटी के दो और चाईबासा का एक व्यक्ति शामिल है। जानकारी के अनुसार खूंटी के तोरपा प्रखंड के ईसा ओंगाटोली में कल शाम आकाशीय बिजली गिरने से पिता–पुत्र की मौत हो गयी। उधर, पलामू जिले के जिले के पांकी और पाटन प्रखंड क्षेत्र में वज्रपात से एक ही परिवार के तीन सहित चार लोगों की मौत हो गयी। पांकी में तीन महिलाओं की मौत हो गयी, वहीं पाटन में एक युवक की जान चली गयी। इस बीच मौसम विभाग ने पलामू, गढ़वा और चतरा में आज भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। इसे लेकर औरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

****************

चौथी झारखंड राज्य स्तरीय ओपन जेवलिन थ्रो एथलेटिक्स प्रतियोगिता आज साहिबगंज में होगी। प्रतियोगिता सिदो कान्हू स्टेडियम में सुबह साढ़े दस बजे शुरू होगी। प्रतियोगिता का आयोजन राष्ट्रीय जेवलिन डे पर किया जा रहा है। इसमें बालक और बालिका वर्ग के अंडर 16, अंडर 18, अंडर 20 और महिला और पुरुष ओपन आयु वर्ग के खिलाड़ी भाग लेंगे। प्रतियोगिता में राज्य भर के खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।

****************

और अब अखबारों की सुर्खियां–

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने अमेरिकी राष्ट्रपति द्वारा भारत पर टैरिफ 50 प्रतिशत करने की खबर को सुर्खी बनायी है।

दैनिक भास्कर ने लिखा है– सीएम 14 अगस्त तक नेमरा में रहेंगे, तीन कर्मा की तैयारी।
प्रभात खबर लिखता है– 75 वर्षों में पांच फीसदी तक बढ़ेगा कई जिलों का औसत तापमान।
हिन्दुस्तान ने लिखा है– साहिबगंज में दो महिलाओं समेत परिवार के तीन की हत्या।
दैनिक जागरण के शब्द हैं– कुख्यात मार्टिन केरकेट्टा के निशाने पर थे आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो।

**************